भापाबो में वैज्ञानिक वार्ता एवं विज्ञान संबंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन – एक रिपोर्ट



भारी पानी बोर्ड में दिनांक 28.02.2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर **'राष्ट्र निर्माण में भारी पानी की भूमिका'** विषय पर वैज्ञानिक वार्ता आयोजित की गई । इस अवसर पर श्री वी.वी.एस.ए. प्रसाद, निदेशक (प्रचालन), श्री के.वी. टाले, वरिष्ठ महाप्रबंधक (ओ-टी) एवं श्री बी.टी. शेषासाई, महाप्रबंधक (संरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण) उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री बी.टी. शेषासाई, महाप्रबंधक (संरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण) ने सभी प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए अभिरूचि विकास पर जोर दिया । उन्होंने सरल और सहज शब्दों में विज्ञान की महता पर अपनी प्रेरक बात रखी ।

श्री के.वी. टाले, वरिष्ठ महाप्रबंधक (ओ-टी) ने कार्यक्रम को मराठी भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि मातृभाषा के माध्यम से वैज्ञानिक जानकारी हासिल की जा सकती है तथा वैज्ञानिक सोच की अभिव्यक्ति भी अपनी मातृभाषा में ही बेहतर ढंग से की जा सकती है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री वी.वी.एस.ए. प्रसाद, निदेशक (प्रचालन) ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के लिए भारत सरकार ने थीम के रूप में “विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रोद्योगिकियां” का चयन किया है । उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति में विज्ञान के महत्व पर जागरूकता उत्पन्न करने पर बल दिया ।

कार्यक्रम में कुमुद विद्यामंदिर, देवनार और नूतन विद्यामंदिर, मानखुर्द की 8वीं एवं 9वीं कक्षाओं के दस-दस छात्रों/छात्राओं को आमंत्रित किया गया था । भापाबो के नामित प्रतिभागियों के साथ-साथ आमंत्रित विद्यार्थियों ने मंचासीन वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों की प्रेरणापूर्ण बातों को ध्यान से सुना ।

उद्घाटन सत्र के बाद वार्ता सत्र में दो प्रस्तुतियां दी गई । “राष्ट्र निर्माण में भारी पानी बोर्ड की भूमिका” विषय पर बोलते हुए श्री गिरिश जोशी, वैज्ञानिक अधिकारी ने भारी पानी बोर्ड की मुख्य तकनीकी एवं वैज्ञानिक गतिविधियों से अवगत कराया ।

वहीं दूसरी ओर श्रीमती मेघा कुरकुरे, वैज्ञानिक अधिकारी ने "भारतीय वैज्ञानिक : उपलब्धियाँ एवं योगदान" पर प्रस्तुति दी।

भोजन के बाद दूसरे सत्र में स्कूल विद्यार्थियों एवं भापाबो के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी का संचालन श्रीमती मेघा कुरकुरे द्वारा किया गया।

पुरस्कार वितरण के पहले श्री के. स्वामीनाथन, मुख्य प्रशासन अधिकारी निष्कर्ष टिप्पणी देते हुए कहा कि राजभाषा मंच से इस प्रकार का आयोजन बहुत लाभदायक एवं उपयोगी होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ साथ प्रतिभागिता करनेवाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

पुरस्कार वितरण समारोह में भापाबो के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी श्री एस. सत्यकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग विज्ञान का है। हमें बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी एवं मुख्य प्रशासन अधिकारी द्वारा सभी विद्यार्थियों / अधिकारियों / कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए । धन्यवाद ज्ञापन श्री भास्करानंद झा, उप निदेशक (राभा)भापाबो द्वारा दिया गया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।